दो दिवसीय प्रशिक्षण हेतु

# स्ट्रीट फूड वेंडर्स

को किया गया जागरूक

## प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं से भी जुड़ने का मिलेगा अवसर

## प्रशिक्षण से मिलेगा योजना से जोड़ने का अवसर : दीपक

- स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्रशिक्षण लेने के लिए मानगो निगम ने चलाया जागरूकता अभियान

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मानगो नगर निगम की ओर से स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्रशिक्षण लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है. बुधवार को निगम की ओर से आजादनगर, आजादबस्ती, जवाहरनगर, जाकिरनगर आदि क्षेत्रों मे 50 से ज्यादा स्ट्रीट फूड वेंडरों को कल से आरंभ होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए मोबिलाइज किया गया. इस क्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर को एफएसएसआइ के प्रशिक्षक की ओर से प्रशिक्षण लेने एवं प्रशिक्षण के दौरान नास्ता आदि की व्यवस्था, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, क्षति पूर्ति के तौर पर 500 रुपये मिलने से संबंधित जानकारी दी गयी. निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया कि फुटपाथ में खाने पीने का सामान बेचने वालों को यह प्रशिक्षण आवश्यक है, क्योंकि इस प्रशिक्षण से उन्हें साफ सफाई, योजना संबंधी जानकारी व सरकार के कल्याणकारी योजना से जोड़ने का अवसर मिलेगा. अभियान में सीओ नदीम वशी सीआरपी मुमताज, रोमानी हादसा आदि शामिल थे.

## स्ट्रीट फूड वेंडर को किया गया जागरुक

**जमशेदपुरः** स्ट्रीट फूड वेंडर के दो दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आजाद बस्ती, जाकिर नगर, जवाहर नगर आदि क्षेत्रों में फुटपाथ पर खाने पीने से संबंधित व्यवसाय करने वाले लोगों को जागरूक किया गया एवं प्रशिक्षण लेने हेतु मोबिलाइज किया गया. सर्वे के क्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर को एफएसएसआई के प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण लेने एवं प्रशिक्षण के दौरान नाश्ता आदि की व्यवस्था तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र मिलने से संबंधित जानकारी दी गई. पथ विक्रेताओं को कल से 2 दिन के होने वाले प्रशिक्षण में शामिल होने हेतु निर्देशित किया गया. सीओ नदीम वसी, सीआरपी मुमताज, रोमानी हादसा आदि के द्वारा स्ट्रीट वेंडरों को मोबाइलाइज किया गया.

नगरीय प्रशासन निदेशालय,
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार